EDITORIAL

# TWENTY THREE YEARS OF BSNL

The BSNL with its ill financial health completing 23 years of its life on 1st October, 2023. It was established on 1st October 2000. The BSNL was not born as a new baby rather more than 150 years established Govt. Department name by Department of Telecom operation and Telecom services were converted into a Corporation under Company act. Before formation of BSNL a historic strike of workers took place from 6th to 8th September, 2000. The strike was conducted under the dynamic leadership of our tallest Leader Com. O.P. Gupta Jee. The other two federations in existence in those period also joined the strike but the BMS affiliated BTEF came out from the strike on very first day. That is at evening of 6th September 2000. At that time also the BJP Govt was ruling at Centre. They accepted the offer of the Govt to increase of Rs. 1000 per month per employee and came back from the strike. Com. O.P. Gupta Jee met the leaders of BTEF and appreciated them to achieve Rs. one thousand per month per employee, but same time he pointed out the issue of pension whether after corporatization, the employees will get Govt pension from consolidated fund of India or not ?. He requested to the leaders who withdrawn the strike to not pressurize to their followers to join the duty. The BTEF Leaders done so and none of their member throughout the country joined the duty. The FNTO was honestly participated in the strike and on third day on 8th September 2000, the leaders were invited for negotiation in DOT. Com. Gupta Jee requested BTEF leaders also to join with the staff side in negotiation. Thus under the leadership of Com. O.P. Gupta Jee all the three federation representatives participated in the negotiation. The leaders said with management that they were on strike for settlement of the following three demands only.

**(1)** Financial viability of BSNL entity. **(2)** Job security of all employees including Casual Majdoors/ Temporary status Majdoors and Ayas. **(3)** Payment of Govt pension from consolidated fund of India.

The Govt had formed a committee of a Group of six Cabinet Ministers headed by late Shri Ramvilas Paswan was the Chairman of the committee in the capacity of union Minister for communication. On 8th September late night the agreement reached between the staff leaders and Group of Ministers. All the three demands were accepted by the Govt and latter it was approved by the union Cabinet and published in the Gazette of India.

After approval of all the three demands of federations the workers celebrated the victory of unions throughout the country.

The BSNL came into existence from 1st October, 2000. The first foundation day/Conversion day was celebrated Nation Wide in all the circles like Mahamela. Orchestra and dance parties were orgainsed in almost all the circles.

Glorious day for BSNL and its employees at beginning BSNL starts its functioning with full success. Even though, the Private Telco operators were allowed in the Telecom field with GSM network and the BSNL was denied entry in mobile sigma and only it was permitted through Court in the year 2002. Upto 2005 the BSNL became the high rank Company in Mobile area also with highest subscribers connectivity. It earned a profit of Rs. 105000000/- (Ten crores fifty thousand) in the year 2004-05 and continued its glorious position upto 2007-08, though the profit was declining year by year but the owner of the Company that the union Govt as well as top management of BSNL did not care upon it and it was proved the idioms of Rome and Niro.

The BSNL started lagging behind in want of required infrastructure and switching materials to meet the need as per market demand.

The deterioration of services of BSNL started due to these lapses at the part of the Govt as well as the management. After 2007-08 the financial crunch started in BSNL. The 2nd wage revision for BSNL employees was finalized and implemented from 7th May, 2010. After 2010 one by one all the

facilities and welfare measurers were stopped at one hand and at other hand the absorbed employees of BSNL started facing stagnation and upto now 60% employees have come under the storm of stagnation. Such a pitiable condition is being faced by the employees but the Govt of India in name of loss of the Company do not care for the workers and wage revision is not finalized though it is due from 01-01-2017. A wage revision committee was formed in 2018 taking the members from both the recognized unions and official side members under the Chairmanship of Shri P.C. Pant the then Company Secretary and GM(Legal) of BSNL.

The Scales from NE-1 to NE-12 were finalized and only signature had to be done and some resistance took place for which the accepted scales by the committee would have not been approved by the BSNL Board for submitting it to DOT for Cabinet approval.

In between two pandemic harmed the BSNL as a natural disaster. One was the Covid pandemic and another was implementation of VRS in BSNL. Even after VRS the Salary of the employees was not being paid on due date.

AUAB of BSNL leaders united and mounted pressure upon the CMD BSNL and payment of the salary started on due date from January 2022. Again on request of Non-executive recognized unions, the wage revision committee was constituted and three/four meetings took place, but the chairman and management side members did not accepted the scales, which were finalized by the earliest wage revision committee meeting and stalemate started which is continuing. **The management side members are not agree to revise the scales in such a frame so, that the stagnation may not come upto next wage revision, but the management side is adamant on their stand. In name of loss making company denial of wage revision to the employees is not proper as the company like BSNL is fully owned by the Central Govt and its loss and profit depends upon the policy decided by the Govt. to run the Company.** One simple example of rolling out of 4G is enough to understand the policy of the Govt. All the Private Telecos are providing 4G/5G based services to the people but the BSNL has binding to use only make in India switching equipment and infrastructure for 4G based services.

Despite all negative attitude of the Govt the BSNL workers are able to retain BSNL as a total Govt owned PSU for these years from 2000.

At the time of conversion of Department of Telecom operation and Department of Telecom services many of the leaders of other organization and even big bases were used to tell that BSNL will not survive more than five years, but the hard work of workers and better relation with the people the employees of BSNL kept the BSNL in lime light for 23 long years.

The workers should have to remain united and with mutual trust. It is the need of time to contribute better services to the people of the country to win their faith and belief upon BSNL company. Which will help us to continue the BSNL company and to bring back its glorious position again. The NFTE is playing the role of vanguard of the workers and with a belief the future of the BSNL workers will glitter again.

**Long Live BSNL**

**Long Live NFTE**

**Workers Unity Zindabad**

## संपादकीय

# बीएसएनएल के तेईस साल

बी एस एन एल वर्तमान में अपने कमजोर आर्थिक स्थिति के साथ एक अक्तूबर 2023 को 23 साल पूरे करने वाली है। बी एस एन एल जनम से कंपनी नहीं है, अपितु 150 साल से संचालित दूरसंचार सेवाआं के दो शाखाओं दूरसंचार परिचालन विभाग एवं दूरसंचार सेवा विभाग को सरकारी विभाग से बदलते हुए कंपनी अधिनियम के तहत 1 अक्तूबर 2023 से निगमित कर दिया गया है।

दूरसंचार सेवाओं को निगम में परिवर्तन करने से पूर्व कर्मचारियों की तीन दिनों की अविस्मणीय एवं ऐतिहासिक हड़ताल हमारे वरिष्ठतम नेता का. ओमप्रकाश गुप्ता जी के नेतृत्व में हुई। यह हड़ताल 6 तिसंबर से 8 सितंबर 2000 तक हुई। उस काल के सभी तीन महासंघ एनएफटीई, एफएनटीओ तथा बीटीईएफ ने हड़ताल के आह्वान सूचना पर हस्ताक्षर किये थे। हड़ताल प्रथम दिन से ही पूर्ण सफलता के साथ प्रारंभ हुई। यह बताते चलें कि पूरे राष्ट्रीय पैमाने पर एक भी नान–एक्जीक्यूटिव कर्मचारी कार्य पर उपस्थित नहीं रहे। दिनांक 6 सितंबर 2000 की हड़ताल पर डटे कर्मचारियों का बहुत बड़ा झटका लगा जब राष्ट्रीय समाचार श्रोतों से यह ज्ञात हुआ कि अपने परंपरा के अनुरूप भारतीय दूरसंचार कर्मचारी महासंघ (बी.टी.ई.एफ) ने हड़ताल वापस लेते हुए अपने सदस्यों को कार्य पर लौटने का आह्वान कर दिया है। फिर भी का. ओ.पी. गुप्ता जी के कुशल एवं चमत्कारी नेतृत्व में विश्वास करते हुए एक भी कर्मचारी काम पर नहीं लौटै। दूसरे महासंघ एफएनटीओ नेतृत्व ने पूर्ण ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ का. ओ.पी.गुप्ता जी का साथ देते हुए अपने सदस्यों को हड़ताल पर तब तक डटे रहने का निर्देश दिया जब तक हमारी मांग मान नहीं ली जाती है।

हड़ताल वापस लेने के बी.टी.ई.एफ के फैसले के बावजूद का. गुप्ता जी उनके नेताओं से मिले और उनके इस उपलब्धि पर बधाई दी कि सरकार द्वारा प्रस्तावित एक हजार रूपया प्रति कर्मचारी प्रतिमाह का अतिरिक्त भुगतान दिया जायेगा अगर हड़ताल वापस ले ली जाये तो। बी.टी.ई.एफ ने सरकार के इसी प्रस्ताव को मानते हुए हड़ताल वापस लेने की घोषणा की थी।

का. ओ.पी.गुप्ता जी ने बी.टी.ई.एफ नेताओं की सराहना करते हुए कहा कि एक हजार रूपया प्रतिमाह की उपलब्धि सराहनीय है, परंतु कर्मचारियों को सरकारी संचित निधि से पेंशन का भुगतान संयुक्त सेवा के लिए किया जायेगा? इस बिंदु पर नेताओं के ध्यान में आया कि बिना पेंशन तथा अन्य सवालों का निराधार करते हुए हड़ताल वापस नहीं लेनी चाहिए। पूर्ण सफल हड़ताल ने सरकार की चुप्पी तोड़ी और दिनांक 8 सितंबर 2000 को नेताओं को समझौते के लिए बुलाया गया।

सरकार ने महासंघों से वार्ता के लिए छः कैबिनेट मंत्रियों की एक समिति बनाई थी, जिसका नेतृत्व स्वर्गीय रामबिलास पासवान जी तत्कालीन संचार मंत्री का दिया गया था? का. ओ.पी. गुप्ताजी ने हड़ताल वापस लेने के बावजूद बी.टी.ई.एफ के नेताओं को भी समझौते में शामिल किया तथा 8 सितंबर 2000 को देर रात्रि तक वार्तालाप के उपरांत सरकारी एवं महासंघों के बीच एक सहमति बनी कि महासंघों द्वारा उठायी गयी तीन मांगें मान लीं जायेंगी। महासंघों द्वारा निम्नांकित तीन मांगों के लिए हड़ताल का आह्वान किया गया था।

1) नयी कंपनी (बी.एस.एन.एल) की आर्थिक जीवंतता की गारंटी देना।

2) कर्मचारियों की सेवा जिसमें सभी कर्मचारियों के साथ दैनिक मजदूर/टेम्पररी स्टैप्स मजदूर एवं आया सेवा अर्थात् नौकरी की सुरक्षा।

3) सरकारी संचित निधि से–डीओटी से स्थानांतरित होकर बीएसएनएल में सामंजित होने वाले कर्मचारियों की पेंशन भुगतान को सुनिश्चित करना।

उपर्युक्त तीनों मांगों को सरकारी पक्ष ने मान लिया और एक समझौता पत्र पर दोनों पक्षों के हस्ताक्षर के उपरांत का.ओ. पी. गुप्ता जी ने हड़ताल समाप्त करने की घोषणा की।

सरकार ने समझौते का आदर किया तथा इसे भारत की मंत्रिपरिषद से अनुमोदित कराते हुए भारत के राजपत्र में प्रकाशित कराया गया। संपूर्ण राष्ट्र में कर्मचारियों ने पूर्ण उत्साह के साथ खुशियां मनाई और बनने वाली कंपनी बीएसएनएल में समाहित होने का मन बना लिया। हड़ताली कर्मचारियों को उस समय घोर आश्चर्य एवं विस्मय हुआ जब इस हड़ताल के विरोध में आवाज बुलंद करने वालों ने अगली कतार में खड़े होकर इसमें समाहित होने के लिए आप्शॅन फार्म जमा किया।

पूरे राष्ट्रीय पैमाने पर बीएसएनएल के स्थापना की खुशियां मनाई गई और यह सिलसिला लंबे समय तक प्रतिवर्ष एक अक्तूबर तक चलते रहा। प्रत्येक परिमंडलीय स्तर एवं जिला स्तरों पर इसे उत्सव की तरह मनाया जाता रहा। कार्यक्रम में बड़े–बड़े कलाकारों, गायिकाओं, ऑकेस्ट्रा एवं डांस पार्टियां बुलाये जाने लगे। मसलन बीएसएनएल के भविष्य की चिंता किये बिना धन हरण यज्ञ शानदार तरीके से आयोजित होने रही और बी एस एन एल के प्रति निष्ठावान होने के बजाय भ्रष्टाचार की अद्‌भुत लीला प्रारंभ हो गई।

बी एस एन एल अपने प्रारंभिक काल में बहुत ही उत्साहित रूप से कार्यारम्भ किया। कंपनी में ठेकेदारी प्रथा का बोलबाला शुरू हुआ और कर्मचारियों को दरकिनार करते हुए ठेकेदारों को तरजीह दी जाने लगी। लूट–खसोट जारी रहने के बावजूद हमारे संगठन के कुशल नेतृत्व के द्वारा कर्मचारियों को भावी खतरों की ओर ध्यान रखने की बातें बताईं जाती रही और नॉन–एक्जीक्युटिव कर्मचारियों ने पूर्ण निष्ठा से कार्य करते हुए वर्ष 2004–05 तक कंपनी को दस हजार पचार लाख करोड़ का मुनाफा का रिकार्ड कायम किया। इसी वर्ष बीएसएनएल में संचालित सभी श्रमिक संघों ने एकजूट होकर एनएफटीई को पराजित किया और एनएफटीई मान्यता प्राप्त संघ की हैसियत से बाहर हो गई। कैजुअल मजदूरों का नियमितिकरण बंद हो गई। कंपनी में बड़े मुनाफे के लिए सभी कर्मचारियों को एचएमटी की घड़ी उपहार में दी गई। परंतु बीएसएनएल के शनैःशनैः गिरावट की पृष्ठभूमि तैयार होने लगी। वर्ष 2007–08 तक कंपनी मुनाफा कमाते रही और हमारा द्वितीय वेतन पुनरीक्षण 1.1.2007 से हुआ जो 7 मई 2010 को लागू किया गया।

वर्ष 2008 में नान–एक्जीक्युटिव कर्मचारियों के लिए प्रमोशन पॉलिसी आई। वर्ष 2013 में 9.4 प्रतिशत का वेतन की क्षतिपूर्ति की गई। यह क्षतिपूर्ति के लिए एनएफटीई ने अनवरत प्रयास किया तथा एयूएबी के संघर्ष से यह हासिल हुआ। वर्ष 2006 में पेंशन भुगतान के लिए लगाये गये 60:40 के अनुपात को एनएफटीई के प्रयास एवं अपील 2015 में एयूएबी के द्व ारा की गई दो दिनों की हड़ताल के बाद 5 जुलाई 2016 को भारतीय मंत्रिपरिषद ने फिर से सराकर द्वारा पूर्ण पेंशन भुगतान की जिम्मेवारी ली गई।

वर्ष 2012 से ही कर्मचारियों के सामने स्टैगनेशन का कहर टूटा पड़ा। आज के परिपेक्ष में लगभग 60 प्रतिशत नान–एक्जीक्युटिव कर्मचारी स्टैगनेशन की चपेट में आ गये हैं। कंपनी को प्रतिवर्ष घाटे में चलने के नाम पर सरकार ने बीएसएनएल कर्मचारियों के लिए दिनांक 1.1.2017 से देय वेतन पुनरीक्षण का लाभ नहीं दिया गया। एयूएबी के सामूहिक संघर्ष के फलस्वरूप 2018 में एक वेतन पुनरीक्षण समिति का गठन बीएसएनएल मैनेजमेंट द्वारा की गई। अधिकारियों एवं कर्मचारियों की इस संयुक्त समिति ने एनई–1 से एनई–12 तक के सभी वेतनमानों का निर्धारण पूर्ण सहमति के साथ हो गया, इसी बीच कुछ अड़चने पैदा हुईं जिसकी वजह से दोनों पक्षों के हस्ताक्षर नहीं हो सके तथा इसे बीएसएनएल बोर्ड से अनुमोदन नहीं होने के कारण कैबिनेट के अनुमोदन हेतु नहीं भेजा जा सके।

इसके उपरांत कोविड महामारी और वीआरएस की त्रासदी ने दो साल निगल लिये। वीआरएस के बाद बीएसएनएल में कुल पचहत्तर हजार कर्मचारियों को भी वेतन के लाले पड़ गये और समय से वेतन का मिलना बंद हो गया। कर्मचारियों को मिलने वाली सभी सुविधाएं बंद कर दी गईं। कंपनी में एक ऐसे त्रासदी का प्रायोजित ढांचा पेश किया गया कि समस्त कर्मचारियों के चेहरे से मुस्कुराहट विलुप्त हो गई। माह अक्तूबर 2022 में फिर एयूएबी के सभी घटक संगठनों ने मिलकर आवाज बुलंद किया तथा प्रबंधन पर दबाव बनाया जिसके कारण जनवरी 2022 से समय पर वेतन मिलना चालू हो सका है। इसी बीच नॉन–एक्जीक्यूटिव के दोनों संघों ने पुनः वेतन पुनरीक्षण समिति की वार्ता शुरू करने की मांग की तदनुरूप फिर से वेतन पुनरीक्षण समिति को पुनर्गठित किया गया। इस समिति की तीन–चार बैठकें हो चुकी परंतु पूर्व के वेतन पुनरीक्षण समिति द्वारा सर्वसम्मति से निर्धारण किये गये वेतनमानों को वर्तमान समिति के चेयरमैन और प्रबंधकीय सदस्यों ने मानने से इंकार कर दिया।

वर्तमान समिति के प्रबंधकीय सदस्यों की ओर से प्रस्तावित वेतनमानों को हम दोनों संगठन के लोगों ने बारीकी से आकलन किया तो पाया गया कि अगर इन वेतनमानों को मान लिया जाये तो इसे 1.1.2017 से लागू होने के बाद स्टैगनेशन की मार झेल रहे कर्मचारियों को 2023, 2024 में फिर से स्टैगनेशन का सामना करना पड़ सकता है। इस त्रुटि के कारण कर्मचारी पक्ष ने वेतनमान में सुधार करने अथवा 2018 में निर्धारित वेतनमान को मान लेने का अनुरोध किया जिसे प्रबंधकीय पक्ष ने स्वीकार नहीं किया और वे कम वेतनमान देने के अपने तर्क पर अड़े रहे। यह प्रबंधन एवं सरकार कंपनी को घाटे में चलने के कारण वेतन पुनरीक्षण में किसी भी प्रकार का फिटमेंट लाभ नहीं देना चाहती, जबकि कंपनी के हानि और लाभ के लिए सरकारी नीतियां और उच्च प्रबंधन जिम्मेवार है।

कंपनी में वांछित साज–समानों का मुहैय्या समय पर नहीं कराना तथा उपभोक्ताओं को वांछित तकनीकी आधारित सेवा के लिए जरूरी उपकरणों की उपलब्धता कराना कर्मचारियों का काम नहीं है। ये सभी उच्च प्रबंधन एवं सरकार की जिम्मेवारी है। सरकार की नीयत और नीतियों का खुलासा 4जी स्पेक्ट्रम आधारित सेवा बीएसएनएल में लागू करने की मांग कर्मचारी संगठन पिछले कई वर्षों से करते आ रहे हैं परंतु सरकार एकतरफ प्राइवेट कंपनियों को वर्ष 2012 से ही 4जी पर कार्य करने की अनुमति देती रही और बीएसएनएल के लिए स्वदेशी उपकरणों के निर्माण होने तक 4जी आधारित सेवा उपलब्ध कराने से वंचित करके रखी है। इस परिस्थिति से उबरने के लिए पुनः सभी नॉन–एक्जीक्यूटिव एवं एक्जीक्यूटिव संगठनों की एकजुटता परमावश्यक है।

एनएफआईई अपनी परंपरा के अनुरूप सदैव अग्रगामी सैन्य टुकड़ी की तरह कार्य करते आई है और आगे भी हम समस्त कर्मचारी हित में हर संघर्ष में पहली कतार में खड़े होने का हौसला रखते हैं।

समय की मांग है कि आपसी एकता एवं भाईचारा को अटूट बनाये रखें और दृढ़ निष्ठा के साथ बीएसएनएल के लिए अपना योगदान देते हुए उपभोक्ता समूह के साथ मधुर संबंध बनाकर उनका विश्वास जीते वे ही हमारे इस कंपनी को सुरक्षित रखने में मददगार होंगे, जिससे हम फिर से बीएसएनएल की पुरानी गौरव को स्थापित करेंगे तथा कर्मचारी साथियों की भी चेहरे की चमक बढ़ पायेगी। इसी आशा और विश्वास के साथ हमें एक अक्तूबर 2023 को पूर्ण उत्साह से बीएसएनएल दिवस के रूप में मनायेंगे।

**बीएसएनएल जिन्दाबाद!**

**एनएफटीईई जिन्दाबाद!**

**कर्मचारी एकता जिन्दाबाद!**